**भारत सरकार / GOVERNMENTOF INDIA**
**खान मंत्रालय/ MINISTRY OF MINES**
**भारतीय खान ब्यूरो/ INDIAN BUREAU OF MINES**
**गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय/ GUWAHATI REGIONAL OFFICE**

पाँचवीं मंज़िल, ईस्ट एंड बिल्डिंग
हाउसफेड कॉम्प्लेक्स, बनफूल नगर, दिसपुर
पोस्ट – असम सचिवालय, जिला – कामरूप (म)
गुवाहाटी, असम – 781006
दूरभाष सं./फैक्स सं.: 0361-2656184
ईमेल: ro.guwahati@ibm.gov.in

5th Floor, East End Building
Housefed Complex, Banphool Nagar, Dispur
Post – Assam Secretariat, District – Kamrup (M)
Guwahati, Assam – 781006
Tel/Fax: 0361-2656184
Email: ro.guwahati@ibm.gov.in

---

फाईल संख्या- E-11011/2/2025-GUH-IBM_RO_GUH दिनांक:- 14.07.2026

सेवा में ,

राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
इन्दिरा भवन
सिविल लाइंस-नागपुर

विषय- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (अप्रैल-जून 26) के कार्यवृत का प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय में कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03.07.26 को सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत आपकी सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्न:यथोपरि

भवदीय

Digitally signed by
IBRAHIM SHARIEF
Date: 24-07-2026
16:35:49

इब्राहिम शरीफ़
उप- खान नियंत्रक (प्रभारी)
भारतीय खान ब्यूरो, गुवाहाटी

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :-

1. उप-निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर क्षेत्र), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,मकान संख्या -12 (ग्राउन्ड फ्लोर), एम.एन हजारिका रोड ( ओल्ड ए. ई आई रोड) पोस्ट- शिलपुखरी,चांदमारी, गुवाहाटी, असम - 781003, दूरभाष- 0361-2524686
2. महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, जिला- कामरूप,पोस्ट ऑफिस :मालीगांव, असम, पिन-781011, दूरभाष -0361-2676000

**<u>क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, गुवाहाटी की कार्यालयी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (अप्रैल-जून) दिनांक 03.07.26 का कार्यवृत :-</u>**

कार्यालय की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक **03.07.26** को अपराह्न 04.30 बजे श्री इब्राहिम शरीफ़, उप- खान नियंत्रक एवं प्रभारी की अध्यक्षता में सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें:

- श्री इब्राहिम शरीफ़, उप- खान नियंत्रक (प्रभारी)
- श्री कृष्णदेव कुमार, सहायक खान नियंत्रक
- श्री अभिषेक तिवारी, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी
- श्री अरुण कुमार गड़तिआ, सहायक खनन अभियंता
- श्री सुजित शर्मा, निजी सचिव
- श्री सियाम्बियाक्लुन, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी
- श्री गौरव शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
- श्री संजिब चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक- ड्रॉइंग
- श्री निर्भय कृष्ण सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक
- श्री अभिषेक कुमार, अवर श्रेणी लिपिक
- श्री पी.के चौधुरी, बहु-विध कर्मचारी
- श्री बिमल दास, बहु-विध कर्मचारी

# कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क.रा.का.स)

**तिमाही (अप्रैल-जून 2026) समीक्षा बैठक**
**दिनांक: 03 जुलाई 2026**
**समय: अपराह्न 04:30 बजे**
**स्थान:बैठक कक्ष**

कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क.रा.का.स.) की समाप्त तिमाही (अप्रैल–जून 2026) की बैठक दिनांक 03 जुलाई 2026 को अपराह्न 04.30 बजे कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यालय प्रभारी, श्री इब्राहिम शरीफ़ द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए—

**1. पिछली तिमाही की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा**

समिति द्वारा पिछली तिमाही (जनवरी–मार्च 2026) की कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा की गई। अधिकांश बिंदुओं पर संतोषजनक प्रगति पाई गई। शेष बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अनुभागों को निर्देशित किया गया।

**2. राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा**

समिति द्वारा समाप्त तिमाही (अप्रैल–जून 2026) की राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न अनुभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों, पत्राचार, टिप्पण एवं अन्य राजभाषा गतिविधियों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया तथा जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उनमें आगामी तिमाही में सुधार लाने पर बल दिया गया।

**3. ई-ऑफिस में हिंदी टिप्पण, मसौदा लेखन एवं पत्राचार की स्थिति**

कार्यालय में ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी टिप्पण, मसौदा लेखन एवं पत्राचार की स्थिति की समीक्षा की गई। समिति द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकाधिक हिंदी में टिप्पण एवं मसौदा तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि तकनीकी फाइलों में भी जहाँ कार्य की प्रकृति अनुमति देती हो, वहाँ हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।

**4. राजभाषा प्रशिक्षण की प्रगति**

राजभाषा प्रशिक्षण के अंतर्गत हिंदी प्रवीणता, कार्यसाधक ज्ञान, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई। समिति द्वारा प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा आवश्यकतानुसार आगामी प्रशिक्षण सत्रों में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

**5. राजभाषा निरीक्षण के अनुपालन की समीक्षा**

समिति द्वारा खान मंत्रालय द्वारा दिनांक 04.06.2026 को किए गए राजभाषा निरीक्षण के दौरान इंगित बिंदुओं के अनुपालन की समीक्षा की गई। विशेष रूप से कार्यालय में प्रयुक्त मोहरों के द्विभाषीकरण, तकनीकी अभिलेखों एवं प्रपत्रों में हिंदी के प्रयोग तथा अन्य अपेक्षित कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि निरीक्षण के दौरान इंगित सभी बिंदुओं का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

**6. आगामी तिमाही की कार्ययोजना एवं हिंदी पखवाड़ा-2026**

समिति द्वारा आगामी तिमाही (जुलाई–सितम्बर 2026) की राजभाषा कार्ययोजना, निरीक्षण कार्यक्रम, हिंदी कार्यशालाओं तथा हिंदी पखवाड़ा-2026 के आयोजन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं एवं राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन नियमानुसार किया जाएगा तथा इसकी विस्तृत कार्ययोजना पृथक से जारी की जाएगी।

**7. राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक परिपत्र एवं कार्यालय आदेश**

समिति द्वारा राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जारी किए जाने वाले आवश्यक परिपत्रों, कार्यालय आदेशों, निर्देशों एवं अन्य प्रशासनिक उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा राजभाषा संबंधी निर्देशों के अनुपालन हेतु आवश्यक परिपत्र समय-समय पर जारी किए जाएं।

**8. वर्ष 2026–27 हेतु हिंदी पुस्तकों की खरीद**

समिति द्वारा कार्यालय पुस्तकालय/राजभाषा अनुभाग हेतु वर्ष 2026–27 के लिए हिंदी पुस्तकों की खरीद के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि उपलब्ध बजट के अनुरूप उपयोगी राजभाषा, प्रशासनिक, तकनीकी एवं संदर्भ पुस्तकों की सूची तैयार कर नियमानुसार क्रय प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**9. अन्य विषय**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा सभी अनुभागों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग, ई-ऑफिस में हिंदी टिप्पण एवं पत्राचार को बढ़ावा देने तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सक्रिय सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का अनुरोध किया गया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## छायाचित्र:-






भारत सरकार/Government of India
खान मंत्रालय/Ministry of Mines
कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन
समिति की तिमाही बैठक


भारत सरकार/Government of India
खान मंत्रालय/Ministry of Mines
कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन
समिति की तिमाही बैठक

**दिनांक 03.07.2026 को आयोजित तिमाही हिन्दी बैठक (अप्रैल-जून) में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की सूची:-**

| क्रमांक | अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | श्री इब्राहिम शरीफ़, उप-खान नियंत्रक (प्रभारी) | इब्राहिम शरीफ 3/7/26 |
| 2 | श्री मानष ज्योति साकिया, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी | — |
| 3 | श्री कृष्णदेव कुमार, सहायक खान नियंत्रक | कृष्णदेव कुमार |
| 4 | श्री अभिषेक तिवारी, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी | अभिषेक |
| 5 | श्री अरुण कुमार गड़तिआ, सहायक खनन अभियंता | — |
| 6 | श्री सुजित शर्मा, निजी सचिव | सुजित शर्मा |
| 7 | श्री सियाम्बियाक्लुन, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी | [illegible] |
| 8 | श्री गौरव शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | गौरव शर्मा |
| 9 | श्री संजिब चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक- ड्रॉइंग | संजिब चौधरी |
| 10 | श्री निर्भय कृष्ण सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक | निर्भय कृष्ण सिन्हा |
| 11 | श्री अभिषेक कुमार, अवर श्रेणी लिपिक | [illegible] |
| 12 | श्री पी.के. चौधरी, बहु विध कर्मचारी | पी.के. चौधुरी |
| 13 | श्री बिमल दास, बहु विध कर्मचारी | बिमल दास |
| 14 | श्री पी. नाथ, वाहन चालक | — |